## खबर संक्षेप

### युवती से छेड़छाड़ कर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में रिश्ते में देवर लगने वाले युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ कर विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर दी। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश प्रारंभ कर दी है। घंसौर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय युवती ने थाना में शिकायत दर्ज कराई कि उसके माता- पिता एक माह से मजदूरी करने बाहर गए हुए हैं, इसलिए वह अपने दादा-दादी के साथ रह रही है। शुक्रवार की दोपहर को जब सहेली के साथ ग्राम स्थित खैरो झड़ईया में नहाने के लिए गई थी, तभी रिश्ते में देवर लगने वाला ग्राम डोभी निवासी गोविंद मरावी पिता अमरलाल मरावी (24) पहुंचा और बुरी नीयत से हाथ पकडक़र छेड़छाड़ कर दी। युवक ने उससे शादी करने की बात कही। युवती के इंकार करने पर हाथ मक्कों से मारपीट करने लगा। युवती के चिल्लाने पर गांव की महिलाएं आ गईं और बीच- बचाव कर उसे छुड़ाया। इसे बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी गोविंद के विरुद्ध धारा 74, 75(1)(6), 115(2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को तलाश रही है। बस स्टैंड में विवाद- सरकारी बस स्टैंड में शुक्रवार की दोपहर सवारी बैठाने को लेकर एजेंट आपस में विवाद करने लगे। इससे मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई। हालांकि अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, जिसके बाद हालात सामान्य हुए।

### पेंच व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों के लिए सांसद ने लिखा पत्र

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा- पांढुर्णा के अंतर्गत व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत कुछ निर्माण कार्यों को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण जनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुये नहर के कुछ निर्माण कार्यों को लेकर मांग की थी। जिसके तहत सांसद श्री साहू ने अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल एवं परियोजना प्रभारी जबलपुर संभाग को पत्र प्रेषित कर ग्रामींण जनों की मांगो से अवगत कराते हुए शीघ्र निर्माण कार्य कराने की मांग की हैं। जिसके तहत पेंच व्यपवर्तन परियोजना की दांयी तट नहर की टेल वितरक नहर की आर.डी. 0.00 किलोमीटर से 38.00 किलोमीटर के बीच सीमेंट, कांक्रीट लाईन का कार्य किया गया है। आर.डी. 38.00 किलोमीटर से 51.00 किलोमीटर के मध्य तक पानी पहुचाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने पत्र में आर.डी. 38.00 किलोमीटर से 51.00 किलोमीटर के मध्य सीमेंट, कांक्रीट (पक्कीकरण) कार्य करने की मांग की है। इसी तरह नहर आर.डी. 32.00 किलोमीटर से 32.20 किलोमीटर के मध्य ग्राम पंचायत निलकण्ठी कला (गोंडदेव मंदिर) में महाशिवरात्री के दौरान लगभग 15 दिन तक मेला लगता हैं। उस स्थल पर इस दौरान रबी सिंचाई हेतु नहर से पानी चलने के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। जिसमें सांसद द्वारा पत्र में लिखा गया है कि उक्त स्थल पर 200 मीटर लम्बाई का आर.सी.सी. बाक्स का निर्माण कार्य किया जायें जिससे दुर्घटना न हो सकें।

### सांसद ने पांच मरीज को दिलाई आर्थिक मदद

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पांच जरूरतमंद लोगों को इलाज के लिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराई है। विगत दिनों सांसद बंटी विवेक साहू से जरूरतमंद लोगों ने संपर्क कर आर्थिक सहायता दिलाने कि गुहार लगाई थी जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र प्रेशित कर आर्थिक सहायता दिलाने कि मांग की थी, जिसके तहत वार्ड नंबर 24 सोनपुर निवासी अंकिता यादव पिता मनीष यादव को 30 हजार , वार्ड नंबर 14 समसवाड़ा निवासी श्रीमती सरला साहू पति प्रमोद को 30 हजार, वार्ड नंबर 12 परासिया निवासी अन्वय पिता संजय कुमार नागले को 50 हजार।

# स्वामित्व योजना से आत्मनिर्भर बन रहे गांव, लोगों को मिल रहा संपत्ति का मालिकाना हक- प्रहलाद पटेल

## जिला स्तरीय कार्यक्रम 22 हजार 392 हितग्राहियों को संपत्ति कार्ड वितरित






मंडला -स्वामित्व योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि स्वामित्व योजना से आत्मनिर्भर बन रहे गांव, लोगों को मिल रहा संपत्ति का मालिकाना हक।

*प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना के माध्यम से जनता को सशक्त बनाते हुए उनके संपत्ति रिकॉर्ड का डिजिटल सीमांकन किया गया है। प्रदान किये जा रहे संपत्ति कार्ड बैंक से लोन लेने एवं अन्य कार्यों को और अधिक सुविधाजनक बनाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत लोगों को उनकी सम्पत्ति का मालिकाना हक प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की सरकार की यह योजना है। इस योजना के अंतर्गत गांव की आबादी क्षेत्र का सर्वेक्षण कराकर उनके आवासों का नक्शा एवं अधिकार अभिलेख तैयार कराकर परिवार के लोगों को उसके आवास के संबंध में मालिकाना हक के रूप में अधिकार अभिलेख प्रदान किये जाते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं प्रफुल्ल मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस आयोजन में माननीय प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम का प्रसारण देखा व सुना गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशुतोष ठाकुर ने स्वामित्व योजना के जिले में क्रियान्वयन की जानकारी दी।स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को भू अधिकार अभिलेख प्रदान किए गए । कलेक्टर द्वारा पंच चौकी महा आरती कैलेंडर मंत्री श्री पटेल को भेंट किए। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनू भलावी, नगर मंडल अध्यक्ष रानू राजपूत, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एडिशनल एसपी अमित वर्मा, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम, तहसीलदार हिमांशु भलावी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर, विनय मिश्रा, सुधीर दुबे सहित संबंधित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया।*

# मंत्री श्री प्रहलाद पटैल का मण्डला आगमन, किया आत्मीय स्वागत



**मंडला** - मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटैल का मण्डला आगमन हुआ। मंत्री श्री पटैल का सर्किट हाउस में पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जयदत्त झा, शिवा रानू राजपूत, तहसीलदार मण्डला हिमांशु भलावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति थे।

# फील्ड ट्रिप के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत हुए बच्चे



**मंडला** -किड्जी प्ले स्कूल, सिविल लाइन्स के बच्चों ने किया स्टेट बैंक, यातायात थाना, पुलिस थाना, पोस्ट ऑफिस, नगर पालिका, पुरातत्व संग्रहालय का किया भ्रमण।किड्जी प्ले स्कूल सिविल लाइन्स मंडला ने नन्हे विद्यार्थियों के लिए एक मनोरम फील्ड ट्रिप का आयोजन किया, इस अभियान का उद्देश्य नन्हें बच्चों को समुदाय सहायक एवं पब्लिक सेक्टर की आवश्यक जानकारी के साथ व्यापक बनाना, स्कूली शिक्षा के साथ हमारी दैनिक गतिविधियों में इन विभागों के योगदान से अवगत कराना रहा। स्कूली शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया।इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में विजिट के दौरान ब्रांच मैनेजर रत्नेश सिंघई ने बच्चों को बैंकिंग गतिविधियों की जानकारी दी। यहां पर हमारे खाते में रकम जमा करना,रकम निकालना, एफडी आदि हमारे रोजाना की दिनचर्या में बैंकिंग के महत्व को समझाया।यातायात विभाग के भ्रमण करने के दौरान एस आई देवेंद्र परवार ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित जीवन के लिए इन नियमों के आवश्यक पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक जानकारियां दी गई।थाना कोतवाली के भ्रमण के दौरान थाना नगर निरीक्षक शफीक खान के निर्देशन में बच्चों को थाने के लॉकर, शिकायत दर्ज कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया। बढ़ते क्राइम से सतर्क रहने के लिए आवश्यक तथ्य बताए गए।पोस्ट ऑफिस में विजिट के दौरान पोस्ट मास्टर मंजूलता धूमकेती की मौजूदगी में बच्चों को डाक पत्र के महत्व, मेल से संबंधित आवश्यक जानकारियां एवं पोस्ट ऑफिस के आवश्यक कार्यों की जानकारी दी गई जो कि हमारी दिनचर्या में शामिल है।इसके पश्चात नगर पालिका मंडला में फायर शाखा में डायल 101 के संबंध में जानकारी दी गई, किसी स्थान पर आग लगने, विभाग को सूचित करने से लेकर आग बुझाने तक की मौजूद गतिविधियों के माध्यम से अवगत कराया गया।पुरातत्व विभाग के भ्रमण के दौरान बच्चों को विभागीय संबंधी जानकारी से अवगत कराया और यहां पर रखी प्राचीन कलाकृतियों एवं उसके संबंध में जानकारी दी।फील्ड ट्रिप ने न केवल बच्चों के ज्ञान को बढ़ाया बल्कि टीम वर्क और सामाजिक संपर्क को भी बढ़ावा दिया। फील्ड ट्रिप के संचालन में डायरेक्टर निशांत शुक्ला, स्कूल प्राचार्या शालिनी शुक्ला एवं एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी एवं स्कूल प्रबंधन का विशेष योगदान रहा।

## सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का सकारात्मक रूप से निराकरण करें- कलेक्टर





मंडला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी 2 दिवस में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका सकारात्मक रूप से निराकरण करें। सभी विभाग ग्रेडिंग सुधारने का प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यकतानुसार आवेदकों से चर्चा करें तथा उन्हें शासन के नियम निर्देशों तथा पात्रता से अवगत कराएं। 50 दिवस से अधिक समय से लम्बित प्रकरणों पर फोकस करें। योजना भवन में सम्पन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद सिहं, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षक संघ के मंडला तहसील एवं खण्ड स्तरीय चुनाव सम्पन्न



**मंडला**-प्रांतीय इकाई के निर्देशानुसार मंडला तहसील और मंडला विकासखंड में विगत दिवस शिक्षक सदन में बैठक रखी गई। जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पदाधिकारी असीम गौतमए राजकुमार सिंगौरए अखिलेश चंद्रोलए शैल दुबेएयोगेश चौरसिया सहित अन्य सदस्य शिक्षकों की उपस्थिति में मंडला तहसील व विकास खंड इकाई का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। मंडला तहसील में अध्यक्ष श्री अरविन्द तिवारीए सचिव श्री घनश्याम चौरसियाए कोषाध्यक्ष श्री बालाराम गोठरियाए उपाध्यक्ष श्री दुष्यन्त कच्छवाहा ।नगर शाखा मंडला अध्यक्ष श्री प्रवीण वर्माए सचिव श्री संदीप कच्छवाहाए कोषाध्यक्ष श्रीमति लियाकत आराए उपाध्यक्ष श्री तरुण तिवारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। विकास विकासखंड मंडला के निर्वाचन में अध्यक्ष श्री प्रभात पटेल सचिव श्री मयंक पटेल कोषाध्यक्ष श्री बृजेश डोंगरे उपाध्यक्ष श्री भागीरथ कछवाहा निर्विरोध निर्वाचित किए गए । कार्यकारिणी के गठन पर जिला शाखा के वरिष्ठ पदाधिकारी विवेक शुक्लाएअसीम गौतमएराजकुमार सिंगौरएअखिलेश चंद्रोलएशैल कुमार दुबेए शौपत कुर्बेतीए राकेश शुक्लाए योगेश चौरसिया ए रामकुमार पटेल एइंद्रा सिंगरौरेए सुरेखा वैश्यएशांति मरावी ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# खाद्य पदार्थ से भरे ट्रक पर की गई कार्यवाही



**मंडला**- खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा मोतीनाला थाना के सामने खाद्य पदार्थ से भरे हुए ट्रक पर कार्यवाही की गई। मोती नाला थाना प्रभारी के द्वारा ट्रक चेकिंग के दौरान राजस्थान से छत्तीसगढ़ की ओर जा रहे ट्रक में खाद्य तेल एवं खोवा तथा केक जैसी खाद्य सामग्री पाई गई। जिसके संदिग्ध होने की आशंका पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन मंडला को सूचना दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा मोतीनाला जाकर पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ ट्रक की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान धारा फिल्टर्ड मूंगफली तेल के कार्टून के साथ 23 बोरियों में 10 किलोग्राम की पैकिंग के कंपनी पैक्ड कृष्णा डिलीशियस स्वीट्स के एवं 40 बोरियों में साढे तीन किलोग्राम की पैकिंग में गोपिका मिक्स केक के पैकेट पाए गए। ड्राइवर से पूछताछ करने पर बताया गया कि धारा तेल अलवर राजस्थान से एवं उक्त मिठाई की बोरियां धौलपुर राजस्थान से लोड की गई है। मिठाइयां दुर्ग एवं रायपुर भेजी जा रही थी। खाद्य पदार्थ से संबंधित दस्तावेज देखने पर धौलपुर से लादी गई मिठाईयो के बिल एवं ट्रांसपोर्ट संबंधी दस्तावेज,खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम संबंधी दस्तावेज संतोषजनक नहीं पाए गए। मिठाई एवं केक का निरीक्षण करने पर उनके मिस ब्रांडेड, पैकिंग दिनांक, बैच नंबर ,अंतर्निहित वस्तु संबंधी जानकारी आदि न होने के कारण आशंका के आधार पर दोनों खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए एवं 1120 किलोग्राम मिक्स केक एवं 1380 किलोग्राम मिठाइयां कुल 2500 किलो ग्राम लगभग 2,88,000 रू.कीमत की लोकहित के आधार पर जप्त की गई है। संयुक्त कार्रवाई में मोती नाला थाना प्रभारी हेमंत बावरिया, ए.एस आई.टीकाराम भोयर, रविंद्र नेताम, आरक्षक सागर शैलेश, प्रधान आरक्षक सलगूराम, सैनिक अनिल एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन से खाद्य सुरक्षा अधिकारी गीता तांडेकर व सहयोगी पतिराम जंघेला उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारीज संस्थान के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 56 वीं पुण्यस्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस में मनाया





**मंडला**– प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज मार्ग बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवा केंद्र ₹विश्व शांति भवन₹ में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में मंडल क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्मकुमारी ओमलता दीदी, साथ में ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी बहन एवं ब्रह्माकुमार भाई बहनें उपस्थित रहे।सुबह 4 बजे अमृतवेला से ही मंडला जिले के ब्रह्मावत्स सेवाकेंद्र पहुंचकर योग तपस्या की। भगवान के महावक्य मुरली सभी को सुनाए गई। परमपिता परमात्मा शिव बाबा और ब्रह्मा बाबा को भोग लगाया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के बारे में बताया कि ब्रह्मा बाबा का जीवन व्यापारिक और पारिवारिक जीवन लौकिक दृष्टि से संतुष्ट और सफल था परंतु ब्रह्मा बाबा लगभग 60 वर्ष के थे तब उनका मन भक्ति में अधिक झुक गया। अपने व्यापारिक जीवन से अवकाश निकालकर ईश्वरीय मनन चिंतन में लवलीन तथा अंतर्मुखी होते गए। अनायास ही एक बार उन्हें विष्णु चतुर्भुज का साक्षात्कार हुआ और उसने अव्यक्त शब्दों में कहा ₹अहम चतुर्भुज तत त्वं₹अर्थात आप अपने वास्तविक स्वरूप में श्री नारायण हो।कुछ समय के बाद वाराणसी में भी अपने एक मित्र के यहां एक वाटिका में जब ध्यान अवस्था में थे तब उन्हें परमपिता परमात्मा ज्योर्तिलिंगम शिव का साक्षात्कार हुआ और उन्होंने इस कलयुग की सृष्टि का बमों तथा गृह युद्धों और प्राकृतिक आपदाओं द्वारा महाविनाश होते देखा ब्रह्मा बाबा को जिन दिनों यह साक्षात्कार हुआ उन दिनों अमेरिका और रूस ने ऐसे बम नहीं बनाए थे जब ब्रह्मा बाबा को यह साक्षात्कार हुए तो उन्हें अतः प्रेरणा हुई कि व्यापार को समेटना चाहिए। अतः ब्रह्मा बाबा ने कोलकाता में जाकर अपने भागीदारी को अपने दृढ़ संकल्प से अवगत कराया और फिर ब्रह्मा बाबा व्यापार से अलग हो गए।ब्रह्मा बाबा ने श्रेष्ठ पुरुषार्थ करने वाली कन्या एवं माता(ब्रह्माकुमारियों) का ही एक ट्रस्ट बनाकर अपनी समूची चल एवं अचल संपत्ति उस ट्रस्ट को मानव मात्र की ईश्वरीय सेवा में समर्पित कर दी। इस प्रकार सन 1937 में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। लगभग 14 वर्षों तक ईश्वरीय ज्ञान तथा दिव्य गणों की धारणा का और योग–स्थित होने का निरंतर अभ्यास करने के बाद अर्थात तपस्या के बाद 1951 में जब यह ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू.पर स्थानांतरित हुआ तब से लेकर अब तक ब्रह्माकुमारी और ब्रह्माकुमार बहने भाई समूचे विश्व की ईश्वरीय सेवा में संलग्न है।18 जनवरी 1969 को ब्रह्मा बाबा ने अपना शरीर छोड़ा, इस दिन को ही ब्रह्माकुमारीज के देश-विदेश के सेवा केंद्रो में विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है।आज के दिन विशेष ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय में स्थित चार धाम को सेवाकेंद्र में ही बहुत अच्छी तरह से बनाकर सजाया गया था। इन सभी चार धाम में सभी ने योग तपस्या किया।उसके बाद सभी ने ब्रह्माभोजन किया। ब्रह्माभोजन कर सभी ने योग व तपस्या किया।

# स्वामित्व योजना का हुआ समापन



**नारायणगंज** -जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा स्वामित्व योजना का आयोजन पंचायत में शिविर लगाकर लोगों के स्वामित्व योजना के पत्ता का वितरण किया जाना है जिसमें ग्राम पंचायत पड़रिया एवं खैरी पंचायत में स्वामित्व योजना के तहत लोगों को शिविर में बुलाकर भू अधिकार पट्टा का वितरण किया गया जिसमें पंचायत के एवं जनपद जनप्रतिनिधि के द्वारा स्वामित्व योजना के पटटो का वितरण किया किया जा रहा है, इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत नारायणगंज से जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा रतन सिंह ठाकुर मगनलाल सोनी राजेंद्र सोनी एवं पटवारी और पी सी ओ रंगो, एवं सरपंच ग्राम पंचायत पड़रिया के राजकुमार तेकाम हरदयाल मरावी सचिव एवं पंचायत के सभी पंचगण इसी तरह ग्राम पंचायत खैरी, मैं जनप्रतिनिधि रघुनंदन विश्वकर्मा गया चक्रवर्ती सरपंच श्रीमती शांति हुकुम परस्ते उप सरपंच दीपक सोनी सचिव, अनिल शर्मा एवं पंचायत के पंचगण, राजस्व विभाग से पटवारी एवं गांव से शिविर में उपस्थित आम जनों को स्वामित्व योजना का लाभ दिलाया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिकोसी**
**जनपद पंचायत नारायणगंज जिला मंडला**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सिकोसी में आंगनवाड़ी भवन निर्माण हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट आदि की आवश्यकता है इसके लिए निर्माण सामग्री सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जा रही है जीएसटी बिल वाले सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रण दिनांक से 10 दिवस के अंदर कार्यालय समय पर आमंत्रित की जाती है निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है

सरपंच
ग्राम पंचायत सिकोसी
जनपद पंचायत नारायणगंज

सचिव
ग्राम पंचायत सिकोसी
जनपद पंचायत नारायणगंज

**कार्यालय ग्राम पंचायत देवरी**
**जनपद पंचायत नारायणगंज जिला मंडला**

**निविदा सूचना**


ग्राम पंचायत देवरी में आंगनवाड़ी भवन निर्माण हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट आदि की आवश्यकता है इसके लिए निर्माण सामग्री सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जा रही है जीएसटी बिल वाले सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रण दिनांक से 10 दिवस के अंदर कार्यालय समय पर आमंत्रित की जाती है निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है

सरपंच
ग्राम पंचायत देवरी
जनपद पंचायत नारायणगंज

सचिव
ग्राम पंचायत देवरी
जनपद पंचायत नारायणगंज

# राज्य स्तरीय विज्ञान गणित प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्राची और शैलेश का चयन





**मंडला**-मंडला विकासखंड के दो विद्यार्थियों का चयन विज्ञान और गणित की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है जानकारी के मुताबिक विकासखंड मंडला के एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरदेनगर की छात्रा प्राची ठाकुर कक्षा सातवीं का राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता में चयन हुआ है और शैलेश मेहरा कक्षा आठवीं का चयन गणित विषय में राज्य स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में चयन हुआ है यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता इंदौर में 30 और 31 जनवरी को आयोजित होगी जिसमें दोनों विद्यार्थी सहभागिता करेंगे । इस उपलब्धि पर प्राचार्य लीलावती धुर्वे, जिला शिक्षा केंद्र डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा ,बीआरसी अनादी वर्मा बीईओ रंजीत गुप्ता, बीएसी एवं सीएसी और विद्यालय के शिक्षक एवं परिवार जनों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है

कलेंडर के पन्नों के साथ बदलते रहे जिला से लेकर क्षेत्रीय थानों के अधिकारी, पुलिस रिकार्ड में दबी हुई फाईलों से न्याय के लिये चीख रही मृतकों की आत्मायें..?

# वर्षों बीत जाने के बाद भी आज तक नहीं सुलझा पाई पुलिस क्षेत्र में घटित हुये संदिग्ध अंधे हत्या कांड की गुत्थी







गाडरवारा

हर वर्ष देखा जाता है कि जब पुराना वर्ष निकलता है और नया वर्ष आता है तो निश्चित तौर से आमजन से लेकर शासकीय कार्यालयों में नया वर्ष मनाते हुये अपने अपने तरीके से खुशियों का इजहार किया जाता है। वही दूसरी ओर पुलिस थानों से लेकर जिला स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा भी बीते हुये वर्ष में अर्जित की गई सफलता तथा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही का डाटा तैयार करने के साथ सफलताओं पर वाही वाही लूटने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस वर्ष भी देखने मिली है जब पुराना वर्ष 2024 समाप्त होने के बाद नया वर्ष 2025 शुरू हुआ तो लगभग सभी पुलिस थानों में पुराने रिकार्ड का अधिकारियों को गुणा भाग करने के साथ बीते हुये वर्ष की सफलताओं पर खुशी मनाते हुये देखे गये। मगर उन अंधे हत्याकांडो की असफलताओं को भुला दिया जाता है जो वर्षों से पुलिस रिकार्ड में दर्ज होने के बाद उनका राज खोलने में पुलिस असफल देखी जा रही है जिसके चलते जहां पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगने में कोई कसर शेष नही रह रही है..? क्योंकि बीते कुछ साल पहले जिस तरह गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अलग अलग पुलिस थानों क्षेत्रों में घटित हुये संदिग्ध अंधे हत्याकांडों की गुत्थी सुलझाने में पुलिस असफलता के चलते उनके परिजन हर साल न्याय की उम्मीद के चलते अपने घरों में लगे हुये कलेण्डरों के पन्ना पलटाते हुये देखे जाते है तो दूसरी ओर इन अंधे हत्याकांडों की फाईल आज भी पुलिस थानों के रिकार्ड में दबकर मृतकों की आत्माये न्याय के लिये चीखते हुये देखी जा रही है..? इस तरह गाडरवारा तहसील क्षेत्र में घटित हुये चार अंधे हत्याकांडों की कहानी निश्चित तौर से असफल रहने के कारण पुलिस के लिये एक चुनौती बनते हुये देखी जा रही है। इस तरह पुलिस की फाइलों में दबे हुये अंधे हत्याकांड की सच्चाई पर गौर किया जावे तो राम स्वरूप अंधा हत्याकांड- ज्ञात हो कि आज से लगभग बारह साल पहले यानि की 21 मई 2012 को गाडरवारा पुलिस थाना के अंतर्गत ग्राम कठौतिया बरेली के पास रेल लाईन के सिंगला पुल के पास रेल लाईन पर एक युवक की लाश पड़ी हुई पाई गई थी, जिसकी पहचान पुलिस द्वारा राम स्वरूप पिता डाल चंद कौरव उम्र 25 वर्ष निवासी महंगुवा खुर्द के रूप में किये जाने के साथ साथ जिस तरह युवक के शव के हाथ बंधे हुये पाया गया था उसे देखते ही यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा था कि किसी व्यक्ति द्वारा युवक की हत्या करते हुये अपनी सच्चाई छिपाने के लिये उसकी हत्या करते हुये रेल लाईन पर डाल दिया गया है। इसी के चलते पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये जांच उपरांत अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला तो दर्ज किया गया था। मगर इस अंधे हत्याकांड को आज 12 वर्ष का समय बीत चुका है। मगर आरोपियों का पता लगाने में पुलिस के हाथ आज भी खाली के खाली ही नजर आ रहे है? मुकेश मेहरा अंधा हत्या कांड- इस अंधे हत्याकांड को लेकर बताया जाता है कि 14 मई 2017 को समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत लोगों द्वारा ग्राम रातीकरार के पास लगे हुये एक रिस्सले के पेड़ से युवक की फांसी पर लटकी हुई लाश पाई गई थी, जिसकी जांच उपरांत मृतक की लाश की पहचान मुकेश पिता रमेश मेहरा उम्र 30 वर्ष निवासी रातीकरार के रूप में की गई थी। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा शुरूआती तौर में तो इस मामले को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा था..? मगर जब मृतक के पोस्ट मार्टम रिर्पोट आई तो पुलिस द्वारा घटना के ठीक 12 दिन बाद इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का का मामला दर्ज करते हुये जांच में लिया गया था। मगर इस अंधे हत्याकांड का राज सुलझाने की बात तो दूर पुलिस आरोपियों की खोज करने में भी आज 7 साल का समय बीत जाने के बाद भी असफल दिखाई पड़ रही है.? सच्चाई यह है कि इस गांव का अब थाना क्षेत्र की परिवर्तित हो चुका है। टिमरावन मासूम दुर्गा हत्या कांड- कुछ इसी प्रकार से समीपस्थ पलोहा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम टिमरावन निवासी मधु लोधी की 6 वार्षिय मासूम बेटी कुमारी दुर्गा लोधी 30 जनवरी 2018 को खेलते खेलते अपने घर से गायब हो गई थी, जिसकी 14 फरवरी 2018 को गांव से कुछ दूर एक गन्ना के खेत विभात्स स्थिति में लाश पाई गई थी, जिसे पुलिस द्वारा पोस्ट मार्टम के लिये गाडरवारा चिकित्सालय भेजा गया था। मगर लाश की स्थिति भयानक हो जाने के कारण जबलपुर भेजा गया था। वही घटना की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से मासूम अपने घर से गायब हुई थी उसी रात को विशेष चंद्र ग्रहण लगा था और जिस स्थिति में मासूम की लाश पाई गई थी उसे देखकर अनुमान लग रहा था कि निश्चित तौर से यह तंत्र मंत्र के लिये हत्या का मामला है? वही इसके बाद मासूम के शव परिक्षण की रिपोर्ट आने के बाद मासूम के हत्या की सच्चाई उजागर होने के चलते पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला तो दर्ज किया गया था। मगर दुर्गा अंधे हत्याकांड का राज आज भी पुलिस की फाईलों में लगभग सात साल का समय निकल जाने के बाद भी एक राज ही बना हुआ है..? कौडिया शमशानघाट अंधे हत्याकांड- कुछ इसी तरह से 22 दिसम्बर 2019 को समीपस्थ ग्राम कौड़िया शमशान घाट के पास एक युवक की अंधजली लाश मिली थी, जिसे देखते हुये ही यह अनदेशा लगने से नही चूक रहा था कि किसी ने युवक के साथ मारपीट करते हुये उसकी हत्या करने के बाद सच्चाई को छिपाने के लिये प्रयास किया गया है। जिसके चलते इस मामले में पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला कायम करते हुये जांच में तो लिया गया था। मगर इस घटना को भी पूरे छः साल का समय बीते जाने के बाद भी आज तक पुलिस न तो मृतक का पता लगा पाई है और न ही युवक की हत्या करने वाले आरोपियों की खोज करने में सफल हुई जिसके चलते इस अंधे हत्याकांड का राज भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सबाल खडे करने से नही चूक रहा है? पिठरास के दुल्लीचंद की संदिग्ध मौत का राज- समीपस्थ सांईखेड़ा थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम तूमड़ा के समीप दो साल पहले यानि की 22 जनवरी 2023 को ग्रामवासियों द्वारा वही के निवासी अखिलेश खैमारिया के गेंहू खेत में एक अज्ञात युवक की संदिग्ध स्थिति में लाश पड़ी हुई देखी गई थी? लाश के संबंध में जानकारी एकत्र करने पर पुलिस ने मृतक की पहचान ग्राम पिठरास निवासी दुल्लीचंद पिता हल्के नौरिया उम्र लगभग 48 वर्ष के रूप में होने पर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को देते हुये शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम करने के बाद शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र सांईखेड़ा पोस्ट मार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया गया था। वही जब पुलिस द्वारा मृतक के शव की जांच की जा रही थी और मृतक के हाथ पर पाये गये निशानों से यह प्रतीत होने से नही चूक रहा था कि शायद दुल्लीचंद की मौत करेंट लगने से हुई है। वही पोस्ट मार्टम रिर्पोट के अनुसार भी दुल्ली चंद की मौत का कारण करेंट बताया जा रहा था..? मगर मौके की सच्चाई को देखत हुये सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा है कि जिस जगह युवक की लाश पाई गई है उस जगह पर न तो किसी तरह बिजली के तार दिखाई पड़ रहे थे और जिस गेंहू खेत में लाश पड़ी हुई थी वह खेत भी सूखा नजर आने से यह बात उजागर करते हुये दिखाई दे रही थी कि वह स्थान गिला नही था जिससे जमीन में करेंट फैलने की संभावना जताई जा सके..? वही मृतक के परिजनों के अनुसार दुल्लीचंद एक दिन पहले 21 जनवरी 2023 दोपहर लगभग 3 बजे अपने घर से माँ नर्मदाजी के घेरा घाट जो शायद होशंगाबाज जिले के अंतर्गत आता है। वहां पर किसी के यहां पूजन कार्यक्रम में शामिल होने की बात कहकर घर से एच एफ डीलक्स लाल रंग की मोटर साईकिल से निकला हुये थें। मगर दूसरे दिन यानि 22 जनवरी 2023 को पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि उनकी लाश पाई गई जिसे परिजनों द्वारा मौके पर पहुंचकर दुल्लीचंद नौरिया के रूप में पहचान की गई थी। वही मौके पर दुल्ली चंद की लाश ओंधे मुंह पड़ी हुई थी तथा उसके हाथ व पांव पर निशान दिखाई दे रहे थें तो दूसरी ओर मुंह से भी खून निकलते हुये दिखाई पड़ रहा था। इस प्रकार से एक दिन पहले घर से निकले हुये दुल्लीचंद की मौत को लेकर जहां परिजनों द्वारा हत्या का संदेह व्यक्त किया था तो दूसरी ओर यदि घटना स्थल की सच्चाई के अनुसार दुल्ली चंद की मौत अपने आप ही संदिग्ध प्रतीत होने से नही चूक पा रही थी? क्योंकि जिस तरह मृतक के शव पर करेंट लगने के निशान तो दिखाई तो पड़ रहे थें। मगर सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा था कि जिस जगह गेंहू के खेत में दुल्लीचंद की लाश पाई गई है उस स्थान से बिजली लाईन काफी दूर थी? वही दुल्ली चंद की मौत करेंट ही लगने से हुई है तो फिर जिस जगह उसको करेन्ट लगा होगा शव वही मिलना चाहिये था जहां पर लाश पाई गई है। मगर वहां तो बिजली लाईन ही नही थी..? इस तरह दुल्लीचंद की मौत पूर्ण से संदिग्ध बनने के बाद आज तक इस मौत का राज न खुल पाना जहां चर्चा का विषय बना है...? इस तरह निकले हुये सालों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो आरोपियों की खोज करने में पुलिस की असफलता निश्चित ही बीते हुये वर्ष की सफलताओं के नाम पर सीना फुलाकर वाही वाही लूटने वाले अधिकारियों की सच्चाई पर ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही है....? इस तरह से बीते हुये कई वर्षो से कलेण्डरों के पन्नों के साथ साथ जिला से लेकर क्षेत्र के पुलिस थानों में भी अधिकारी भी बदलते चले जा रहे है। मगर क्षेत्र के घटित हुये इन अंधे हत्याकांडो के राज पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करते हुये चुनौती बनने से नही चूक पा रहे है?

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा आयोजित, क्षेत्र में बनाये गये 6 केंद्रों पर संपन्न हुई परीक्षा




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** केन्द्र शासन के अधीन संचालित होने वाले नवोदय विद्यालय बच्चों के उज्जवल भविष्य बनाने के असवर प्रदान करता हुये चयन परीक्षा आयोजित करता है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी बीते हुये शनिवार क़ो जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 मे सत्र 2025-26 मे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा क्षेत्र के चयनित 6 परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित की गईं । बताया जाता है कि उक्त परीक्षा मे शासकीय व अशासकीय स्कूलों के वर्तमान सत्र मे अध्ययनरत 5 वी कक्षा के पंजीकृत छात्र छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा हेतु क्षेत्र के साईंखेड़ा ब्लॉक के बच्चों के लिए बनाये गए परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेड़ा मे 312 में से 253 तथा नगर के बीटीआईं स्कूल गाडरवारा मे 288 में से 252 तो इसी प्रकार से शासकीय कन्या उ मा शाला गाडरवारा मे 275 में से 232 छात्र छात्राएं शामिल हुए। इसके अलावा चीचली ब्लॉक हेतु बनाये गए परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय चीचली मे 264 में से 237 तथा शा कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका मे 264 में से 225 एवं शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय यानि की जनता स्कूल गाडरवारा मे कुल 241 छात्र छात्राओ में से 203 बच्चे शामिल हुए। शनिवार क़ो आयोजित हुई इस परीक्षा का तहसीलदार सहित बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, बीआरसी संदीप स्थापक, नवोदय प्राचार्य अरुण तिवारी ने निरीक्षण किया। बीटीआई स्कूल में प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटैल, आदर्श स्कूल में एस के मिश्रा, शा क उ मा विद्यालय गाडरवारा में सुशील शर्मा, उत्कृष्ट साईखेड़ा (सीएम राइज ) में चंद्रकांत विश्वकर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में भूपेश ठाकुर, शा क उ मा विद्यालय सालीचौका में ए के रघुवंशी के निर्देशन में परीक्षा आयोजित हुई। बताया जाता है कि प्रत्येक केंद्र पर नवोदय विद्यालय से एक शिक्षक सीएलओ के रूप में उपस्थित रहा। परीक्षा के सफल आयोजन में केंद्र अध्यक्षो सहित पर्यवेक्षकों की अहम भूमिका रही।



## शैक्षिक संवाद का हुआ आयोजन दिये गये जरूरी दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज/चीचली

विकास खंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में बीते हुये दिवस कक्षा छठवीं से आठवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों के शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक संवाद का विषय स्वयं और साथी का आकलन रहा। शैक्षिक संवाद को संबोधित करते हुए सहजकर्ता सत्यम ताम्रकार एवं मनीष दुबे द्वारा प्रतिभागियों के स्वागत, संवाद के उद्देश्य, सिद्धांत, पिछले संवाद के पोस्ट वर्क के अनुभव, स्वयं एवं साथी के आकलन का अर्थ एवं महत्व, आकलन की प्रक्रिया, डेमो अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा किए जा चुके कार्य का माप दंड तय करना, आकलन प्रक्रिया के दौरान मापदंड के उपयोग के स्पष्ट निर्देश देना, स्वयं एवं साथी के आकलन का क्रियान्वयन, पोस्टवर्क तथा शिक्षकों की फीड बैक पर विस्तृत चर्चा की गई। इस संवाद कार्यक्रम में सहजकर्ता तथा प्रतिभागियों के बीच बातचीत का 30:70 का अनुपात रहा। इस शैक्षिक संवाद की मॉनिटरिंग बीआरसी डी के पटैल तथा जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य भूपेश ठाकुर द्वारा करते हुये उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शैक्षिक संवाद की महत्वता से परिचित कराने के साथ साथ प्रत्येक शिक्षक इस संवाद प्रक्रिया से लाभान्वित हो और छात्रों के लिए कक्षा में सीखने के लिए रोचक, सक्रिय एवं आनंदमयी वातावरण का निर्माण हो, ऐसे प्रयास किए जाने संबंधी चर्चा की। इस शैक्षिक संवाद में सत्यम ताम्रकार, राजेश कसेरा, शशिभूषण सिंह ठाकुर, शैलेश खोब्रागड़े, लेखराम गौतम, सत्येंद्र भट्ट, मनीष दुबे, रुपाली कुरडे सहित छठवीं से आठवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों ने सहभागिता दी गई।

## शिक्षक जाटव का निधन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय जीआरपी कालोनी निवासी व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव छोटा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक हरिशंकर जाटव का बीते हुये दिवस 52 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते निधन हो गया। स्व जाटव की शव यात्रा में सामाजिक बंधुओं सहित शिक्षा के क्षेत्र से जुडे हुये लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## श्री सत्य साईं सेवा संगठन के पदाधिकारी का हुआ चयन



**गाडरवारा।** श्री सत्य साई सेवा समिति के पदाधिकारी का चयन किया गया। बताया जाता है कि श्री सत्य साईं सेवा संगठन प्रतिवर्ष पूरे भारत में 14 जनवरी को संगठन का स्थापना दिवस नए वर्ष के रूप में मनाता है जिसमें पिछले वर्ष के कार्यों का प्रतिवेदन नए वर्ष की क्या कार्य योजना है जैसे भजन नगर संकीर्तन बाल विकास नारायण सेवा, अमृत कलश, मेडिकल कैंप, गर्भवती महिलाओं को गोद लेना, वृक्षारोपण के साथ साथ ग्राम सेवा राम सेवा के अंतर्गत गोद लिए हुए ग्राम में उक्त कार्यक्रमों को जोड़ा जाता है। इस तरह नए वर्ष की कार्य योजना की रूपरेखा तैयार की जाती है। इस कड़ी में इस वर्ष समिति के संयोजक गजराज अधरूज (गुरु ट्रैक्टर्स) सेवादल प्रभारी सुशील दुबे, शैक्षणिक प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, आध्यात्मिक प्रभारी सागर मिश्रा, युवा प्रभारी निखिल तिवारी महिलाओं की ओर से महिला सेवा दल प्रभारी श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, शैक्षणिक प्रभारी कुमारी अपर्णा राजपूत, अध्यात्मिक प्रभारी श्रीमती सविता मिश्रा, युवा प्रभारी श्रीमती निधि शर्मा सहित सभी पदाधिकारी ने अपना संकल्प पत्र भगवान की समक्ष रखा और भगवान के 100 वे जन्मोत्सव को अति धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया जिसमें सभी समिति के वरिष्ठ सदस्य बाल विकास के बच्चे बाल विकास गुरु एवं समस्त सदस्य महिला एवं पुरुष की उपस्थिति रही भगवान की महा मंगल आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नगर के पुराना बस स्टेन्ड क्षेत्र में अतिक्रमण के चलते बन जाती है जाम की स्थिति

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** यह बात अलग है कि प्रशासन द्वारा नगर में हर वर्ष अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाती है। मगर इस मुहिम का परिणाम इस प्रकार से देखने मिला है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटे मोटे लोगों को हटाते हुए बड़े प्रभावशाली लोगों को जिस प्रकार से अभयदान दिया जाता है कि उसके चलते न तो नगर को अतिक्रमण से मुक्ति मिल पा रही है और नही नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है? क्योंकि अतिक्रमण के चलते खाली होने वाली भूमि को भी प्रशासन द्वारा सुरक्षित करने में बरती जाने वाली कोताही का परिणाम है कि अतिक्रमणकारी चंद दिनों बात उस स्थल पर पुनः अपना कब्जा जमाने से नही चूकते है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के पुराना बस स्टेन्ड के पास देखने मिल रही है। जहां पर मुख्य मार्ग सहित सड़क के आसपास हुये अतिक्रमण का परिणाम है कि इस क्षेत्र में आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? इतना ही नही इस क्षेत्र में यदि अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ लोगों द्वारा नाली पर तक पक्का निर्माण करते हुए अपना कब्जा जमा लिया गया है,।


## मंडी परिसर बना गिट्टी व्यापारियों की दुकानदारी का अड्डा, नियम विरूद्व खड़े किये जा रहे ट्रक

**गाडरवारा।** जहां नगर की जवाहर कृषि मंडी का निर्माण किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये किया गया है जिसमें अपना अनाज बेचने के लिए आने वाले किसानों को अपने वाहन खड़े करने के साथ साथ अन्य सुविधाएं मिल सके, मगर इस समय देखा जा रहा है कि मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत के चलते जहां गिट्टी का व्यापार करने वालों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए यहां से गिट्टी की दुकानदारी की जा रही है, वही दूसरी अनेक वाहन मालिकों द्वारा मंडी परिसर में अपने वाहन खड़े करते हुए मंडी परिसर को पार्किंग स्थल बना डाला है? इस प्रकार से मंडी परिसर को गिट्टी का कारोबार करने वालों द्वारा जिस प्रकार से उपयोग किया जा रहा है वही समझ से परे जान पड़ रहा है? इस बात का आज तक पता नही चला है कि आखिर में मंडी परिसर में गिट्टी के व्यापारियों द्वारा किसकी अनुमति से यहां पर गिट्टी रखते हुए अपना व्यापार किया जा रहा है। मगर इस प्रकार से मंडी परिसर का उपयोग अन्य दूसरे कार्यो में करना निश्चित तौर से जहां मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत की ओर संकेत देते हुए जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से अन्य लोगों द्वारा मंडी परिसर का दुरूपयोग किये जाने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? जबकि गौर किया जावे तो मंडी में किसानों की सुविधा के लिए कई टीन शैड एवं चौड़ी सड़को एवं प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है,



**खबर संक्षेप**

### नवोदय विद्यालय की परीक्षा सम्पन्न



**शहपुरा।** पीएम श्री नवोदय विद्यालय के द्वारा कक्षा छठवीं के लिये प्रवेश परीक्षा डिंडोरी जिले के 26 केंद्रों में दिनाक 18 जनवरी 2025 को आयोजित की गई , जिसमे 6839 में से 5863 बच्चो ने दी परीक्षा 976 बच्चे रहे अनुपस्थित रहे ,पीएम श्री नवोदय विद्यालय डिण्डोरी के धमनगांव में स्थित है और यह पर प्रवेशित छात्र छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा के लिए सभी साधन उपलब्ध कराए जाते हैं वह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास किए जाते हैं।

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यशाला संपन्न



**डिंडौरी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय चन्द्रविजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डिण्डौरी डॉ. श्रीमती तुलसी करचाम के मार्गदर्शन में ई-ग्रंथालय के माध्यम से विजिटर अटेण्डेंस कैसे किया जाए, ओपेक के माध्यम से पुस्तक का एक्सेस करना, पढ़ना, पुस्तकों का पठन-पाठन कैसे करें आदि के संबंध में, एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी डॉ. मूल चन्द साहू ग्रंथपाल शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिण्डौरी द्वारा समस्त स्टाफ सदस्यों को दी गई । कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने ई-ग्रंथालय पोर्टल का व्यापक रूप से अध्ययन किया। इस कार्यशाला का मंच संचालन डॉ. जे.आर. झारिया प्राध्यापक भूगोल विभाग द्वारा किया गया।

### नर्मदा महोत्सव की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि नर्मदा महोत्सव की तैयारी भव्य रूप से की जाए। तीन दिवसीय नर्मदा महोत्सव में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर यादगार बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अमरकंटक मां नर्मदा, सोन एवं जोहिला जैसी नदियों की उद्गम स्थली है। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज अमरकंटक में आयोजित होने वाले नर्मदा महोत्सव की तैयारी की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि 3 से 5 फरवरी तक प्रतिदिन योगाभ्यास होगा तथा स्थानीय लोगों को महोत्सव से जोड़ने के भी प्रयास किए जाएं, जिससे कार्यक्रम और अद्भुत बन सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम में शोभायात्रा की भी रूपरेखा तैयार कर ली जाए तथा महा आरती बनारस के पंडितों द्वारा कराया जाए एवं इस दौरान साधु-संतों का सम्मान भी किया जाएगा, इसके लिए भी तैयारी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने अमरकंटक के साफ-सफाई, लेजर लाइट शो, साउंड शो तथा स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, कन्या पूजन, कन्या भोज कार्यक्रम के तैयारी संबंधी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने महोत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगने वाले स्टॉल, एडवेंचरस एवं ट्रैकिंग गतिविधियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ट शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजगढ़ महिपाल सिंह गुर्जर, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक उमेश पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सूचना के बावजूद बैंक प्रबंधन द्वारा प्रभावी कदम ना उठाने से उपभोक्ता के खाते से लाखों रूपये गायब..?

# कोतवाली पुलिस कर रही मामले की जांच

### पीड़ित ने ब्रांच मैनेजर को भेजा लीगल नोटिस

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

आज के तकनीकी युग में ऑनलाइन हैकिंग और फ्रॉड सामान्य घटना हो गई है। इसमें से अधिकांश घटनाएं फ्रॉड के चलते होती हैं। आधिकारिक शिकायत दर्ज ना कराने पर अधिकांश बैंक ग्राहकों को खोई हुई राशि का भुगतान करने में विफल रहते हैं। परंतु जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसकी आधिकारिक शिकायत होने के बावजूद भी बैंक ने ग्राहक को समय रहते बचा ना सका । जिला मुख्यालय निवासी अंजार भारती पिता मोहम्मद याकूब ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कर बताया है की उनका खाता पंजाब नेशनल बैंक डिंडोरी ब्रांच में संचालित है उनके मोबाइल नंबर पर 11 दिसंबर को लगातार ओटीपी आ रहे थे जिसकी शिकायत पीड़ति ने रात्रि 8.20 पर बैंक अधिकारी को फोन पर जानकारी दी थी जहां बैंक अधिकारी ने पीड़ति को अगले दिन यानी 12 दिसंबर को बैंक में आने को कहा बैंक पहुँचने पर बैंक अधिकारी द्वारा पीड़ति के मोबाइल की पड़ताल कर एटीएम व खाता बंद करने को कहा गया जिससे पीड़ति का खाता सुरक्षित रहे परंतु उसी रात को रात्रि 8.30 बजे




पीड़ति के मोबाइल में मेसेज आया कि उक्त पीड़ति के खाते से एक लाख पाँच हजार तीन सौ रुपये निकल गए है। पीड़ति द्वारा तुरंत जानकारी बैंक के सक्षम अधिकारी को दी गई जहां बैंक अधिकारी ने पल्ला झाड़ते हुए जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया वही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

#### ब्रांच मैनेजर को भेजा लीगल नोटिस

पीड़ति अंजार भारती ने अपने अधिवक्ता सम्यक जैन के माध्यम से ब्रांच मैनेजर को लीगल नोटिस भेजा है चुकी पीड़ति पूरे लेन-देन के दौरान सतर्क था और उसने निर्धारित समय के भीतर सक्षम प्राधिकारी को सूचित किया था, लेकिन बैंक की लापरवाही के कारण प्राधिकारी अनधिकृत लेनदेन को रोकने में असफल रहे, जिसके लिए बैंक उत्तरदायी हैं। अधिवक्ता ने आरबीआई के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6 जुलाई 2017 के सर्कुलर के अनुसार यह प्रावधान है कि यदि कोई अनाधिकृत लेनदेन तीसरे पक्ष की डेटा चोरी के कारण होता है और ग्राहक इसे तुरंत रिपोर्ट करता है तो इसमें ग्राहक की कोई लापरवाही नहीं होगी। उक्त केस में बैंक की लापरवाही सामने आई है जिसने समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाये जिससे पीड़ति को नुकसान का सामना करना पड़ा।

#### जिसकी लापरवाही से हैकिंग होगी, नुकसान के लिए वही जिम्मेदार होगा

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की 2017-18 की एनुअल रिपोर्ट के अनुसार हैकिंग की जिम्मेदारी को लेकर स्पष्ट किया गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, जिसकी लापरवाही से हैकिंग होगी, नुकसान के लिए वही जिम्मेदारी होगा। आरबीआई के नियमों के मुताबिक, बैंक की लापरवाही या गलती की वजह से नुकसान होता है तो ग्राहक को चिंता करने की जरूरत नहीं है। नुकसान की पूरी राशि की भरपाई बैंक को करनी होगी। यदि ग्राहक की लापरवाही से नुकसान होता है तो इसे ग्राहक को वहन करना होगा।

#### ये है नियम

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियमों के मुताबिक, बैंक या ग्राहक की लापरवाही ना होने पर ग्राहक को फ्रॉड होने पर 3 दिन के अंदर बैंक में शिकायत दर्ज करानी चाहिए। ऐसा करने पर ग्राहक को पूरे नुकसान की भरपाई होगी। यदि 4 से 7 दिन के अंदर शिकायत दर्ज कराई जाती है तो ग्राहक को 5 हजार से लेकर 25 हजार रुपए तक की भरपाई की जाएगी। 7 दिन के बाद शिकायत दर्ज कराने पर नुकसान की भरपाई बैंक की पॉलिसी पर निर्भर करेगी।

## एसएएफ सुपर स्ट्राइकर ने एसपी सुपर किंग्स को 9 रन से हराकर जीता पहला एसपी कप




हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित प्रथम एसपी क्रिकेट कप टेनिस बॉल प्रतियोगिता का समापन आज एसएएफ सुपरस्ट्राइकर की जीत के साथ हुआ। प्रथम एसपी क्रिकेट कप का शुभारम्भ 11 जनवरी को हुआ, जिसमें पुलिस विभाग की 8 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लीग मैच की समाप्ति के बाद आज आयोजित सेमीफाइनल में जीत हासिल कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम के नेतृत्व वाली एसपी सुपर किंग्स एवं श्री भानुप्रताप के नेतृत्व वाली एसएएफ सुपरस्ट्राइकर के मध्य फाइनल मैच कलेक्ट्रेट खेल परिसर में खेला गया। फाइनल मैच में एसएएफ सुपरस्ट्राइकर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में ओपनर हरिओम के शतक के मदद से 217 रन बनाये, जिसके जवाब में एसपी सुपर किंग्स 208 रन ही बना सकी। फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले एसएएफ सुपरस्ट्राइकर हरिओम को मैन ऑफ द मैच और सीरीज का अवार्ड दिया गया। प्रतियोगिता के समापन में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए पुरुस्कृत किया, उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिता आपसी सामंजस्य बढ़ाती है। इस दौरान श्री रविराज बिलैया, एसडीओपी बजाग श्री पुरोषोत्तम मरावी, डीएसपी मेहंती मरावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। खेल प्रतियोगिता के आयोजन में निरीक्षक श्री अनुराग जामदर, आरआई श्री अभिनव राय, सूबेदार श्री कुंवर सिंह,श्री मुकेश बैरागी, श्री अतुल हरदहा,अंपायर श्री सलीम शेख, कमेंटर श्री जीवन वर्मन एवं श्री सुधील बरमैया,खेल विभाग से श्री चेतराम अहिरवार, सुश्री आरती सेंधिया, नेहरू युवा केंद्र के आरपी कुशवाह एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी की भूमिका रही।

## सरस्वती शिशु मंदिर डिंडोरी में शिशु नगरी एवं शिशु मेला कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।




विद्यालय में शिशु नगरी एवं शिशु मेला का आयोजन किया गया । जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती ओम भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत सत्कार तिलक वंदन एवं पुष्पगुच्छ के द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीमति सुनीता सारस नगर परिषद अध्यक्ष जिला डिंडोरी, मुख्य अतिथि श्री प्रभात सिंह शिशु वाटिका क्षेत्रीय संयोजक विद्या भारती मध्य क्षेत्र , विशिष्ट अतिथि श्रीमति रुपाली जैन पार्षद, विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्रीमति सपना जैन, व्यवस्थापक अशोक अवधिया, श्रीमती नरवदिया मरकाम सह सचिव , पूर्व व्यवस्थापक नरेन्द्र राजपूत एवं मनोहर सिंह ठाकुर, आशुतोष गुप्ता कोषाअध्यक्ष, राजेन्द्र परमार पूर्व छात्र, दिलीप नंदा ग्राम भारती जिला समन्वयक, सहित प्राचार्य ओमप्रकाश श्रीवास प्रधानाचार्य श्रीमती संतोषी सोनी मंचस्थ रहे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रभात सिंह जी ने अपने वक्तव्य में कहा शिशुवाटिका शिक्षा की नींव है,आधार है इस आयु में शिशु को जिस तरह बनाना चाहते हैं वैसा ढाल सकते हैं शिशु हमारे राष्ट्र का भविष्य है ।शिशु शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए ।इस आयु में शिशु को सुसंस्कारित अनुशासन के गुण विकसित किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के तहत स्कूल शिक्षा को 4 स्तर में बाटा गया जिसकी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीमति सुनीता सारस जी ने भैया बहिन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि मेहनत करके अपने माता पिता एवं समाज को गौरान्वित करें। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र शिशु वाटिका के मुख्य 12 शैक्षिक व्यवस्थाएं, जिसमें चिड़यिा घर , आदर्श घर, तरण ताल , चित्र पुस्तकालय , विज्ञान प्रयोगशाला , वस्तु संग्रहालय, कार्य शाला , कला शाला , बगीचा , रंग मंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिशु के नृत्य बहुत ही मनमोहक रहे ।कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं रूपरेखा श्रीमती संतोषी सोनी ने प्रस्तुत किया अंत में विद्यालय समिति की अध्यक्ष श्रीमती सपना जैन जी में बच्चों के मेहनत एवं प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए शुभाशीष प्रदान किए । भैयाध बहिनों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। सभी भैयाध बहिन और अभिभावक बंधुओं ने शिशु मेला के सुन्दर पकवानों का भी भरपूर आनन्द लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती संतोषी सोनी ने किया। आगंतुक अतिथियों के साथदृ साथ समस्त मातृ शक्ति और अभिभावकों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य श्री ओम प्रकाश श्रीवास जी ने किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ सम्पन्न हुआ।

## विधायक ओमप्रकाश धुर्वे जनकल्याण शिविर में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

युवा, नारी, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जन समुदाय तक हितलाभ पहुंचाने के लिए जनशिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शनिवार को शहपुरा जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत बरखेड़ा, गुरैया, रावनकुंड, दल्काखम्हरिया एवं कहेंजरा में शिविरों का आयोजन किया गया। शहपुरा क्लस्टर में आयोजित जनशिविर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आथित्य में संपन्न हुए। विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने कन्या पूजन कर जनशिविर का शुभारम्भ किया, इस दौरान क्षेत्रीय कलाकारों ने गुदुम बाजा की प्रस्तुति दी। विधायक धुर्वे ने ग्राम पंचायत बरखेड़ा में 15वें के तहत 6.82 लाख रूपए लागत की सीमेंट कांक्रीट रोड एवं 2.43 लाख रूपए लागत के नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं 2.00 लाख रूपए लागत राशि के रंगमंच कार्य निर्माण का भूमिपूजन एवं ग्राम पंचायत गुरैया में स्वागत गेट निर्माण का भूमिपूजन किया, साथ ही शिविर में अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। इस दौरान विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में युवा, महिला, किसान और गरीब वर्ग को केंद्रित कर शासन की योजनाओं को शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में किये जा रहे विकास कार्यों से ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्तर के साथ साथ सामुदायिक स्तर पर भी लाभ मिल रहा है, ग्राम स्तर पर रंगमंच के निर्माण से कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा,उन्होंने इस अवसर पर वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, सम्बल कार्ड, प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों से चर्चा की और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। आज आयोजित शिविर में जनपद अध्यक्ष शहपुरा प्रियंका आर्मो,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंदेल, राजेश साहु, नितिन गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि और सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान जन-कल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवा, नारी, किसान तथा गरीब वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना है एवं उनके हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करना है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 34 हितग्राही मूलक योजना, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाया जा रहा है और प्रशासन गाँव की ओर की अवधारणा को साकार किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों सहित नगर परिषद क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान के तहत 392 शिविर आयोजित होने है, जोकि प्रतिदिन जनप्रतिनिधि और अधिकारीगणों के द्वारा संपन्न कराए जा रहे है। जनशिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और राज्य व केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।



303 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई

## नियमों का पालन नहीं करने तथा हेलमेट न लगाने वाले चालकों का काटा चालान

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह द्वारा ष्राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माहष् में यातायात के नियमों का पालन न करने वालो एवं हेलमेट धारण न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध जीरो-टालरेंस आधारित प्रभावी कार्यवाही किये जाने के लिये जिले के समस्त थाना ध्चैकी प्रभारियों को 18 जनवरी 2025 को पूरे दिन प्रमुख चैराहों, भीड-भाड एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के पास वाहन चैकिंग लगाये जाने की निर्देश दिये गये । जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जग्गन्नाथ मरकाम द्वारा सभी थानों में थाना स्तर पर विभिन्न स्थानों पर वाहन चैकिंग लगाये जाने हेतु टीम गठित की गयी तथा सभी थाना प्रभारियों को स्वयं उपस्थित रहकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये । डिंडौरी पुलिस द्वारा सडक दुर्घटनों तथा उनमें होने वाली जनहानियों में कमी लाये जाने के लिये वर्तमान में ष्परवाहष् थीम के अंतर्गत 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक ष्राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माहष् मनाया जा रहा है । जिसमें यातायात के नियमों का पालन कराने के लिये लगातार जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है, वहीं नियमों का पालन न करने वालो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जा रही है । जिसके अंतर्गत आज 18 जनवरी 2025 को डिण्डौरी में 248 हेलमेट धारण न करने वाले वाहन चालकों सहित कुल 303 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में चालानी कार्यवाही की गई है।

पायली घुघरी गांव में अचानक 13 लोग उल्टी दस्त से हुए बीमार

## परिजनों ने 108 सहित स्वास्थ्य विभाग को दी सूचना

### स्वास्थ्य अमला का समय पर न पहुंचने को लेकर परिजनो में आक्रोष



**डिंडौरी।** डिंडोरी जिला के शहपुरा क्षेत्र ग्राम पायली घुघरी गांव में अचानक उल्टी दस्त से एक ही मुहल्ले के 13 लोग उल्टी दस्त के कारण तबीयत बिगड़ने से लोग बीमार हो गए ,सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम मरीजो का गांव में ही इलाज देने के उपरान्त दो एंबुलेंस वाहन से 12 मरीजों को शहपुरा अस्पताल लाया गया है जहां मरीजों का इलाज जारी है अचानक से 12 लोगो की तबियत बिगड़ने से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी अनुसार मरीजों में दीपचंद 60 वर्ष नन्ही बाई 55 वर्ष, पूजा 20 वर्ष ,सुहदरी बाई 55 वर्ष, दुलिया बाई 70 वर्ष ,पार्वती बाई 30 वर्ष रवीना 20 वर्ष अमर सिंह 45 वर्ष अयतों बाई 40 वर्ष सुषमा 25 वर्ष कैलाश 32 वर्ष चंद्रिका 5 वर्ष सामिल है वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में पदस्थ डॉ रत्नेश द्विवेदी ने जानकारी में बताया कि मरीजो का इलाज जारी है सभी की स्थिति स्थिर है।

## मेंहदवानी में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत दी समझाइश, काटा चालान

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

जिले भर में 17 जनवरी से 23 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस थाना प्रभारी मेंहदवानी श्याम सुंदर उसराठे के द्वारा पुलिस बल के साथ वाहनों की जांच की जा रही है जिसमें सीट बेल्ट न लगाने एवं हेलमेट न लगाने वालों वाहन चालकों को यातायात के प्रति जागरूक किया जा रहा है और उन्हें हेल्मेट तथा सीट बेल्ट लगाने की समझाइश दी जा रही है वहीं लापरवाही बरतने वाले वाहन चालकों का चालान भी काटा जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### विधायक ने विद्यार्थियों को बांटी साईकिलें

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विधायक महेन्द्र नागेश ग्राम देवनगर (नया) के शासकीय हाई स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होने यहां 61 विद्यार्थियों को निशुल्क साईकिलों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। इसके लिए सरकार ने सीएम राइज स्कूल, पीएमश्री स्कूल जैसी बेहतर स्कूल बनाकर बच्चों को अच्छे से अच्छी शिक्षा देने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं में एक है निशुल्क साइकिल वितरण। दूरस्थ क्षेत्र से आने वाले विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सरकार निशुल्क साइकिल प्रदान कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए निशुल्क साइकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, प्राचार्य, शिक्षक, स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद थे।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा जिले में 15 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। उक्त परीक्षा में जिले के लगभग 5035 परीक्षार्थियों ने पंजीयन किया था जिसमें से 4279 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 85 परीक्षार्थी परीक्षा उपस्थित रहे। संपूर्ण केन्द्रों पर नवोदय विद्यालय बोहानी से एक-एक केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षक भेजे गए एवं इस परीक्षा में जिला प्रशासन नरसिंहपुर , पुलिस प्रशासन नरसिंहपुर, एवं नरसिंहपुर शिक्षा विभाग के विभिन्न पर्यवेक्षकों ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# स्वामित्व योजनाः भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख का वितरण



### प्रधानमंत्री के उद्बोधन का हुआ सीधा प्रसारण

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में स्वामित्व योजना के अंतर्गत देश के 50 हजार से अधिक गांवों में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डों का वितरण किया गया। इसके तहत जिले में 29 हजार 80 हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्डों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की सरकार की यह योजना है। ग्राम के अधिकांश परिवारों के पास आवासीय संपत्ति के कागज नहीं थे और आबादी क्षेत्र का सर्वेक्षण नहीं हुआ था। इस योजना के अंतर्गत गांव की आबादी क्षेत्र का सर्वेक्षण कराकर उनके आवासों का नक्शा एवं अधिकार अभिलेख तैयार कराकर परिवार के लोगों को उसके आवास के संबंध में मालिकाना हक के रूप में अधिकार अभिलेख प्रदान किये जाते हैं।

### देखा सुना गया लाइव प्रसारण

एसडीएम व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मणिन्द्र सिंह ने बताया कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत मकान भूधारी को अपने मकान के संबंध में मालिकाना हक एवं वैधानिक दस्तावेज प्राप्त होगा। मकान मालिक अपने मालिकाना हक एवं वैधानिक दस्तावेज का वित्तीय उपयोग कर बैंक से ऋण प्राप्त कर सकेगा जो उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनायेगा। आवासीय क्षेत्र का रिकार्ड तैयार कर पंचायतों को प्रदान किया जा सकेगा। संपत्ति के स्पष्ट आंकलन एवं स्वामित्व का निर्धारण होने से उनके मूल्य में भी वृद्धि होगी। जिले की विकासखंड व ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख का वितरण समारोह पूर्वक किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम व अन्य स्थानों में आयोजित हुए कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वेबकास्ट के माध्यम से प्रसारण किया गया, जिसे मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, हितग्राहियों व नागरिकों ने देखा व सुना। कार्यक्रम के दौरान 12 मार्च 2024 के उपरांत स्वामित्व योजना के निराकृत प्रकरणों में पात्र हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया।



### हितलाभ किया गया वितरित

जिले में 29 हजार 80 हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपटी कार्डों का वितरण किया गया, जिसमें नरसिंहपुर में 3 हजार 555, करेली में 5 हजार 432, गाडरवारा में 7 हजार 774, सांईखेड़ा में 3 हजार 116, गोटेगांव में 6 हजार 310 और तेंदूखेड़ा में 2 हजार 893 हितग्राही शामिल हैं। स्वामित्व योजना के तहत जिले के 918 ग्रामों में ड्रोन फ्लाई और एक लाख 50 हजार 59 अधिकार अभिलेख तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था। जिले में अधिकार अभिलेख तैयार कर 787 आबादी वाले ग्रामों में एक लाख 15 हजार 447 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण किया जा चुका है। जिले में 12 मार्च 2024 के पश्चात तैयार किये गये 114 ग्रामों के 29 हजार 80 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण शनिवार को जिले में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया।



### इनकी रही उपस्थिति

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायकद्वय विश्वनाथ सिंह पटेल व महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे की विशेष मौजूदगी में पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने मंच से हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, तहसीलदार संजय मसराम व अंकित मौर्य, सीएमओ नीलम चैहान, हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री व आभार एसडीएम मणिन्द्र सिंह ने किया।



### तीन दिवसीय संगीतमय हनुमन्त कथा सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सनातनियों को अपनी गौ माता की रक्षा करनी चाहिए, धर्म का कर्तव्य भी यही है कि व्यक्ति धर्म के अनुसार कार्य करे। इस ग्राम का नाम गोरखपुर ही इसलिए पड़ा कि गौ-रख, यहाँ प्रत्येक परिवार में गौ माता रहती हैं, आज इस धरा से हम सब संकल्प लेते हैं कि अपने प्राणों से ज्यादा गौ माता की रक्षा करेंगे और यह घोषणा करते हैं कि गौ माता को राष्ट्र माता के साथ ग्राम माता माना जावे। उक्ताशय की बात नरसिंहपुर जिले के आदिवासी ग्राम अंचल गोरखपुर ग्राम में हनुमन्त कथा समाप्ति के अवसर पर अनिकेत कृष्ण शास्त्री ब्रज बिहारी सरकार ने कही। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और भगवान हनुमन्त सरकार की कृपा से तीन दिवस तक गोरखपुर सहित आस पास के सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने संगीतमय हनुमन्त कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया और दिव्य दरबार में अपनी समस्याओं का निवारण भी जाना। कथा समापन के अंतिम दिवस उपस्थित जनों ने गौ रक्षा का संकल्प लिया ततपश्चात विशाल शोभायात्रा यात्रा निकाली गई जिसमें ग्रामवासियों सहित गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

# उप संचालक ने स्वास्थ्य संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उप संचालक एनसीडी भोपाल डॉ. नमिता नीलकंठ एवं सुश्री सविता नीलकंठ ने जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया और ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेंदूखड़ा में एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत एनसीडी कार्नर, ओपीडी कक्ष में ब्लड प्रेशर, शुगर जाँच के काउन्टर एनसीडी पोर्टल में डाटा एण्ट्री, एक्सरे, गर्भवती एवं अन्य महिलाओं का एनसीडी पोर्टल में पंजीकरण एवं फॉलोअप की जानकारी ली और संधारित रिकार्ड का अवलोकन किया। इस दौरान उपस्थित एएनएम, आशा एवं आशा सुपरवाईजर को राष्ट्रीय कार्यक्रमों का हेण्डएस ऑन का प्रशिक्षण दिया। सीएचओ एवं आशा कार्यकर्ता को मैदानी स्तर पर नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के निर्देश दिये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चांवरपाठा में एनसीडी कार्नर, अनमोल पोर्टल, संस्था की लैब, स्टोर कक्ष, गर्भवती महिलाओं में पायी जाने वाली एल्बुमिन शुगर जाँच के लिए प्रसव लेब व मिनी लैब का निरीक्षण कर संस्था में उपस्थित चिकित्सकों व स्टाफ से जानकारी ली। जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में सिविल सर्जन डॉ. देवेन्द्र रिपुदमन सिंह एवं नोडल अधिकारी एनसीडी डॉ. रिचा मिश्रा के साथ एनसीडी कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने एनसीडी पोर्टल में डाटा एंट्री करने में आ रही समस्याओं की जानकारी लेकर त्वरित निदान किया। जिला क्षय अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. विनय ठाकुर एवं उपस्थित कर्मचारियों ने जिले में 100 दिवसीय निक्षय अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी से अवगत कराया और संधारित रिकार्ड का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती भारती चौरसिया, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर मुकेश रघुवंशी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक विनोद प्रजापति, हेमंत सोनी, ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर एवं स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

### युवती हुई गायब, मां ने लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र करेली निवासी महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन देकर युवती खोज करने की मांग की गई। युवती की मां ने आवेदन में बताया कि उसकी बालिग युवती पिछले चार दिनों से लापता है जिसकी जानकारी थाना करेली में दी गई लेकिन कोई सुनवाई ना होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंकर आवेदन दिया।

## अतिथि शिक्षकों का आंदोलन आज भोपाल में

**तेंदूखेड़ा।** प्रदेश के अतिथि शिक्षकों द्वारा 19 जनवरी को राजधानी भोपाल के अंबेडकर पार्क टी टी नगर में वादा निभाओ आन्दोलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आन्दोलन बी.एम एस. अतिथि शिक्षक संघ के आवाहन पर आयोजित किया जा रहा है एक दिवसीय आन्दोलन के दौरान अतिथि शिक्षक अपनी चार प्रमुख मांगो और वादा निभाओ की मांग को लेकर डी पी आई कार्यालय तक जुलूस रैली के माध्यम से पहुंचेंगे। अतिथि शिक्षक महासंघ के जिला अध्यक्ष रामकिशोर कौरव तथा विकास खंड चांवरपाठा के अध्यक्ष राहुल पाठक जिला मिडिया प्रभारी सना खान ने जिले के सभी अतिथि शिक्षकों से इस बड़े आंदोलन में जिले से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। रैली का उद्देश्य अतिथि शिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करने के लिए सरकार से आमने सामने बैठकर अतिथि शिक्षकों के हितों में एक निश्चित और पुख्ता गाइड लाइन लागू करवाना है।अपील करने वालों में पियूष पाठक संदीप कौरव इब्राहिम खां आबिद ख़ान श्रुति जैन राजकुमारी मेहरा संजय पटेल सुरेंद्र चौधरी नीरज कौरव योगेश कौरव मनमोद वर्मा दीपक पटेल ब्रजेन्द्र नेमा सचिन शर्मा सौरभ साहू नितिन रघुवंशी सहित बडी संख्या मे शामिल हैं।

# अनुकूल माहौल ना मिलने के कारण फूल वाली फसलों को नुकसान

**तेंदूखेड़ा। इस बार रवि मौसम की फसलें कृषकों के हिसाब से सुरक्षित नहीं है। जिसका प्रमुख कारण अनुकूल मौसम ना मिलना बताया जा रहा है। हमारे प्रतिनिधि को क्षेत्रीय कृषकों ने बताया कि धान की फसल अधिक लेट हो जाने के कारण पलेवा करके चना मसूर बटरी सहित जो भी फसलें लगाई गई थी कुछ दिन बाद पानी भी इन फसलों में दिया गया था कि तत्काल बरसात का पानी गिर जाने से फसलों में जरुरत से ज्यादा पानी हो जाने के कारण फसले पीली पड़ रहीं हैं।**

वहीं अधिक कोहरे और सर्द हवाओं के चलते फसलों को अनुकूल माहौल नहीं मिल पाने के कारण फूल वाली फसलों को ज्यादा नुकसान हो रहा है। यहां तक कि मसूर जैसी फसल कहीं कहीं सूखने की स्थिति में पहुंच गई है तो कहीं पीली पड़ रही है।यही स्थिति चना बटरी में भी बनीं हुई है। कुल मिलाकर सेहत ठीक नहीं है। पिछले साल भी मसूर की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा था यहां तक कि अपेक्षाकृत उपज तक नहीं निकली थी।

### ठंड ने दिखाया अपना प्रभाव

पिछले दो तीन दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। विगत सप्ताह से सर्दी ना पड़ने से जहां गर्म कपड़ों की बिक्री ठप्प पड़ी हुई थी व्यापारी वर्ग गर्म कपड़ों की बिक्री को लेकर पशोपेश की स्थिति में था ग्राहकी ना चलने के कारण गर्म कपड़े रखे रहने अशंका बनीं हुई थी।वहीं फसलों को लेकर भी किसानों में निराशा का भाव देखने को मिल रहा था। लेकिन अचानक शुरू हुई इस सर्दी से अब शाम होते ही लोग बाग ठंड से बचाव के साथ सुबह तेज धूप निकलने के बाद ही बाजार खुल पा रहे हैं। ठंड से बचाव हेतु आग तापने का सिलसिला भी शुरू हो गया है लोग बाग सामूहिक रूप से आग तापते हुए घरों में देखें जाने लगें हैं। बीच बीच में बादलों के कारण इल्ली पैदा हो रही थी वह भी नष्ट हो सकेगी।

### फसलों को नुकसान पहुंचा रहे जंगली जानवर

इन दिनों तेंदूखेड़ा सहित आस पास जंगली ग्रामीण क्षेत्रों में जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा रहें हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार रात्रि के समय जंगली सुअर जहां गन्ना फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं वहीं पूर्व में बोबनी के बाद से चने की फसल को अपना निवाला बना रहें हैं। परेशान किसानों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि रात्रि के समय जागरण करके जानवरों को जुगाड़ कौतूहल से जानवरों को भगाना पड़ता है। सुअरों के झुंड इतनी बड़ी संख्या में हुआ करतें हैं कि देखते ही देखते फसलों को तबाह कर दिया करतें हैं। तेंदूखेड़ा से लगे मर्रावन इमलिया खकरैडी ब्रह्मनी ढिलवार मौआखेडा भौंरपानी खमरिया रमपुरा घुघरी पीपरवानी सहित विभिन्न ग्रामों में जंगली सुअरों का आतंक बना हुआ है।

# श्रीधाम में ओवर नाइट एक्सप्रेस का स्टॉपेज की मांग

**गोटेगांव।** श्रीधाम स्टेशन जिस ट्रेन में गरीब जनता सफर करती थी वह ट्रेनें बंद कर दी गई है अब सवाल यह उठता है की गरीब जनता की कोई सुनने वाला है क्या।जो बंद पड़ी शटल और फास्ट गाड़ी पुनः चालू करने के लिए प्रयास होना चाहिए इस विषय में अनेक बार जनता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत भी कराया किंतु जनप्रतिनिधियों की चुप्पी जनमानस में रोष व्याप्त कर रही है पढ़ाई करने के लिए इंदौर जाने वाले बच्चों के लिए रेल प्रशासन को ओवरनाइट का स्टॉपेज करना चाहिए अभी इंदौर के लिए सिर्फ नर्मदा एक्सप्रेस है इसको पहुंचने में 13 घंटे का समय लगता है एवं ओवरनाइट अगर श्रीधाम स्थापित




हो जाए तो सिर्फ 9 घंटे में इंदौर की यात्रा विद्यार्थियों के लिए सुगमता प्रदान करेगी इंदौर आने जाने वाले बच्चों के लिए समय भी कम लगेगा इस विषय में शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि ध्यान देंजैसा कि सभी को विदित है कि सामान्य वर्ग के लिए सस्ती सुंदर और उपयोगी ट्रेनें बंद करने से जहां जनमानस पर आर्थिक बोझ तो पढ़ रहा है इन गाड़ियों के स्थान पर चलाई गई मेमो ट्रेन ऊंट के मुंह में जीरा सिद्ध हो रही है और जनता लगातार अपनी पुरानी ट्रेनों को चलाने की मांग कर रही है स्मरण रहे यह ट्रेनें इटारसी से कटनी सतना के बीच लगभग 30 से 40 स्टेशनों की यात्रियों को समय पर और सुविधा पूर्वक अपने गंतव्य तक लाने ले जाने का कार्य करती थी ओवरनाइट ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों का यह भी कहना है कि पिपरिया में ट्रेन समय के पूर्व पहुंच जाती है एवं लगभग आधा घंटा वहां खड़ी रहती है एवं इसी तरह से आते समय मदन महल बिफोर समय पर पहुंच जाती है तू लगभग 30 मिनट मिनट मदन महल में भी खड़ी रहती है इसी समय को मैनेज करते हुए अगर 2 मिनट का श्रीधाम में स्टॉपेज हो जाए तो आने जाने वाले यात्रियों एवं विद्यार्थियों का भला ही होगा इंदौर को मध्य प्रदेश का मिनी मुंबई भी बोला जाता है श्रीधाम से मुंबई के लिए लगभग छह,सात गाड़ियां चलती ही है परंतु इंदौर के लिए सिर्फ एक ही गाड़ी क्यों।

## नगर में पाइप लाइन के लिए खोदी सड़कें बिना मरम्मत के छोड़ी



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर में विगत एक दो वर्ष पूर्व नर्मदा पाइप लाइन के डालने के नाम पर नगर के वार्डों की सड़कें खोद दी गई थी। और सड़क को जेसीबी की सहायता से खोद कर उसमें नीचे नर्मदा पाइप लाइन डाल दी गई थी और खुदाई से टूटी हुई सड़क को कच्ची मिट्टी भरकर समतल कर दिया गया था।परंतु इस आधे अधूरे कार्य को हुए एक दो वर्ष बीत चुके हैं। वहीं मुख्य सड़कों पर कहीं-कहीं मरम्मत कराई गई है, लेकिन नगर के अनेक वार्डों की अंदरूनी गलियों की सड़कों की हालत पिछले दो तीन साल से जस की तस है। सड़कों के बीचों-बीच नालीनुमा गड्ढा से लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। उसके बाद भी सड़कों को पक्के सीसी कंक्रीट से नहीं भरा गया है।जिससे खुदाई से निकली गिट्टी, पत्थर सड़क पर बिखरे हैं वहीं नगर की कई गलियों का यह हाल है। जिन्हें ठेकेदार ने रिपेयर किए बिना ही छोड़ दिया है। खुदी सड़क पर गिट्टी व पत्थरों के कारण लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया है।

यह खुदी हुई सड़कें नगर की सुंदरता में ग्रहण साबित हो रही है। जबकि डाली गई नर्मदा पाइप लाइन का कोई औचित्य नहीं निकाला और पुरानी लाइन से ही नर्मदा लाइन को जोड़ दिया गया। जिससे शासन का पैसा व्यर्थ साबित हुआ।जबकि नगर में पहले से ही पाइपलाइन बिछी हुई है जिससे लोगों को घर-घर तक नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध होता है।

# अमृत सरोवर में लाखों रुपए खर्च, नहीं ठहरा बारिश का पानी

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरकोना के गांव झिरी में शासन की योजना के अनुसार अमृत सरोवर का निर्माण ऐसे स्थल पर पंचायत के द्वारा कराया गया है। जहां पर उसका कोई भी उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस तालाब के निर्माण में पंचायत ने 26.66 लाख रुपए खर्च बताया गया है। इतनी राशि खर्च करने के बाद भी बारिश का पानी एक भी बूंद उक्त तालाब में नहीं रूक सका है।ग्राम पंचायत सिरकोना ने ऐसे स्थल पर तालाब का निर्माण करवाया है। जहां पर बारिश के पानी का संरक्षण तक नहीं हो सका है। इस तालाब के दोनों ओर मिट्टी की पार अवश्य निर्मित की गई और पानी को रोकने के लिए सीसी क्रांकीट का कार्य भी करवाया गया। फिर भी पानी नहीं रूक रहा है। इस पर पंचायत चुप्पी साधे हुए है। इस निर्माण कार्य स्थल का किसी वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा अवलोकन तक नहीं किया गया। इसके कारण उक्त निर्माण कार्य में पलीता लगा है।महिला जनप्रतिनिधियों की आड़ में पति सक्रिय-यहां ग्राम पंचायत में पंच से लेकर सरपंच तक महिलाएं निर्विरोध निर्वाचित होकर आ गई। मगर यहां पर महिला सशक्तिकरण नजर ही नहीं आ रही है। महिला जनप्रतिनिधियों की आड़ में



उनके पति हर जगह पर सक्रिय हैं। जिनके निर्देशन में अमृत तालाब का निर्माण कार्य पूरा हुआ। मगर इस तालाब की हालत ऐसी हो गई है कि उसमें बारिश का पानी नहीं रूकता है वर्तमान समय में ठंड का मौसम चल रहा है। इसके बाद भी इस तालाब में एक बूंद पानी तक मौजूद नहीं है। जिस मकसद से अमृत सरोवर का निर्माण करवाया गया है। वह मकसद पूरा ही नहीं हो रहा है इसके निर्माण में जो भी राशि खर्च की गई है। वह पूरी तरह से अनुपयोगी साबित हुई।